# १२. घर की याद

(क) सहायता बॉक्स (Help Box) में दिए गए सही शब्दों को चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

चार, वेदना, कष्ट, कोमल, सहयोगी, माँ

1. __________ की गोद कवि के लिए आराम और स्नेह का प्रतीक है।
2. कवि के भाई परस्पर __________ हैं।
3. भवानी की __________ बहनें हैं।
4. हवा आने का आशय __________ के आने से है।
5. पिता का हृदय बड़ के झाड़-सा __________ था। ‘
6. लहर’ और ‘झटका’ शब्द __________ के अनुभव की ओर संकेत करते हैं।

(ख) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रत्येक के सामने ‘सत्य’ या ‘असत्य’ लिखिए।

1. कविता में वर्षा का वातावरण कवि के मन की उदासी को दर्शाता है। – ______________
2. कवि अपने परिवार से बहुत दूर है। – ______________
3. कवि की माँ बहुत पढ़ी-लिखी है। – ______________
4. कवि के पिता को बुढ़ापा पूरी तरह घेर चुका है। – ______________
5. कवि अपने पिता को साहसी और मजबूत बताता है। – ______________
6. कविता का मुख्य भाव क्रोध और संघर्ष है। – ______________

(ग) स्तंभ 'अ' में दिए गए शब्दों का स्तंभ 'ब' में दिए गए उनके सही अर्थों से मिलान कीजिए।

| स्तंभ 'अ' (शब्द) | स्तंभ 'ब' (अर्थ) | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. नवनीत | i. चारों ओर, चौखूँट | 1. _____ |
| 2. परिताप | ii. बहुत कठोर, जिस पर किसी का प्रभाव न पड़े | 2. _____ |
| 3. चतुर्दिक् | iii. ताजा मक्खन | 3. _____ |
| 4. वज्र | iv. अत्यधिक दुख, शोक या संताप | 4. _____ |
| 5. क्षितिज | v. वह स्थान जहाँ धरती और आकाश मिलते हुए दिखाई देते हैं | 5. _____ |

(घ) नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. ‘घर की याद’ कविता कवि ने कब लिखी थी?

(क) अपने घर पर छुट्टियाँ बिताते हुए ☐ (ग) प्रकृति की गोद में घूमते हुए ☐

(ख) विदेश यात्रा के दौरान ☐ (घ) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ☐

2. कविता में ‘भुजा’ और ‘प्यार’ किनके लिए प्रयुक्त हुए हैं?

(क) माता और पिता ☐ (ग) सावन और बादल ☐

(ख) भाई और बहन ☐ (घ) मित्र और देशवासी ☐

3. कवि को घर की याद किस कारण आती है?

(क) गर्मी के कारण ☐ (ग) वर्षा के कारण ☐

(ख) ठंड के कारण ☐ (घ) त्योहार के कारण ☐

4. कवि अपने परिवार में किस स्थान पर है?

(क) पहला ☐ (ग) पाँचवाँ ☐

(ख) दूसरा ☐ (घ) छठा ☐

5. कवि के पिता ने किसे ‘सोने पर सुहागा’ कहा है?

(क) सबसे बड़े बेटे को ☐ (ग) भवानी को ☐

(ख) बेटियों को ☐ (घ) अपनी पत्नी को ☐

6. कवि अपनी माँ का पत्र क्यों नहीं पा सकते थे?

(क) माँ नाराज़ थीं ☐ (ग) माँ बीमार थीं ☐

(ख) माँ अनपढ़ थीं ☐ (घ) डाकघर दूर था ☐

7. कविता में कौन चुपचाप दुबका पड़ा है?

(क) बादल ☐ (ग) कवि ☐

(ख) बारिश ☐ (घ) पिता ☐

8. किस पर मनुष्य का वश नहीं है?

(क) समय पर ☐ (ग) वियोग की पीड़ा पर ☐

(ख) प्रकृति पर ☐ (घ) धन पर ☐

9. कवि को किस सरकार ने जेल में डाला?

(क) ब्रिटिश सरकार ☐ (ग) भारतीय सरकार ☐

(ख) मुग़ल सरकार ☐ (घ) फ्रांसीसी सरकार ☐

10. पंछी किसका प्रतीक है?

(क) कवि के हृदय का ☐ (ग) परिवार की भावनाओं का ☐

(ख) पिता के हृदय का ☐ (घ) माँ के हृदय का ☐

(ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में (लगभग 25-30 शब्दों में) लिखिए।

1. कवि को दिन होने का पता क्यों नहीं चला?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

2. कवि को बरसात में किस चीज का शौक था?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

3. कवि के भाई-बहनों की जेल यात्रा पर क्या प्रतिक्रिया थी?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

4. कवि की विवाहित बहन को घर में आकर कैसा लगा?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

5. कवि ने अपने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

6. कवि के पिता के रोने का कारण लिखें।

   उत्तर: ____________________

   ____________________

7. पिता भवानी को सोने पर सुहागा क्यों कहते हैं?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

8. कवि के पिता कौन-कौन से कार्य रोज किया करते थे?

   उत्तर: ____________________

   ____________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

9. कवि की माँ भवानी के जेल में बंद होने पर भी क्यों नहीं रोई?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

10. 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन किसलिए हुआ था?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

(च) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से (लगभग 80-100 शब्दों में) लिखिए।

1. कविता के आधार पर पारिवारिक भावना के लाभ लिखिए।

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

2. भवानीप्रसाद मिश्र के संयुक्त परिवार पर अपने विचार लिखिए।

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

3. कविता के आधार पर लिखिए कि कोई नारी घर में बैठे-बैठे भी कैसे देशभक्ति का काम कर सकती है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

4. कवि के पिता स्वयं जेल नहीं गए, पर पुत्र को जेल भेजने पर राजी थे—इस बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

5. स्वतंत्रता संग्राम के लिए जेल जाने को आप कैसा कार्य समझते हैं?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

6. यदि आपके जीवन में अन्याय का विरोध करने का समय आए तो आप कैसे योगदान करेंगे?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

   ____________________________________________

(छ) कविता में आए निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक (विलोम) शब्द लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. सबेरा | X | ________ | 4. मौन | X | ________ |
| 2. बहादुर | X | ________ | 5. नम (गीला) | X | ________ |
| 3. पुण्य | X | ________ | 6. अस्त | X | ________ |

(ज) नीचे दिए गए शब्दों के सरल अर्थ लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. घनेरा | = | ________ | 4. लुनाई | = | ________ |
| 2. अभागा | = | ________ | 5. विरस | = | ________ |
| 3. क्लेश | = | ________ | 6. उमग | = | ________ |

(झ) नीचे दिए गए शब्दों को पहचानकर उनकी सही श्रेणी के सामने लिखिए।

शब्द सूची: रात, नैन, बहादुर, पाँव, वज्र, अभागा, शेर, चिट्ठी (पत्र), हवा, सावन

1. तत्सम शब्द (संस्कृत के मूल शब्द): ____________________
2. तद्भव शब्द (संस्कृत से बदले हुए रूप): ____________________
3. विदेशी शब्द (उर्दू/फारसी/अंग्रेजी आदि): ____________________

(ञ) नीचे दिए गए समस्त पदों का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए।

1. गीता-पाठ = ____________________ (समास का नाम: ________)
2. स्नेह-धारा = ____________________ (समास का नाम: ________)

(ट) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही अर्थ चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1. कविता में प्रयुक्त शब्द 'उर' का वास्तविक अर्थ __________ होता है। (हृदय / पेट)
2. "बह रही है हवा सर-सर..." यहाँ 'झंझा' शब्द का अर्थ __________ है। (धीमी हवा / तेज हवा या आँधी-पानी)
3. जब कवि कहते हैं कि "घर नजर में तिर रहा है", तो यहाँ 'तिरना' का अर्थ __________ है। (तैरना या आँखों के सामने आना / डूब जाना)
4. 'तृषा' शब्द का अर्थ तीव्र इच्छा या __________ होता है। (भूख / प्यास)

(ठ) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए तथा वाक्य बनाइए।

1. सोने पर सुहागा होना = __________________

   वाक्य: ______________________________________________________________
2. पाँव पीछे हटाना = __________________

   वाक्य: ______________________________________________________________
3. धीर खोना = __________________

   वाक्य: ______________________________________________________________

(ड) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचानकर नाम लिखिए।

1. “पिता का हृदय बड़ के झाड़-सा कोमल था।” — __________________
2. “घर न था, परिताप का घर था।” — __________________
3. “बह रही है हवा सर-सर...” — __________________
4. “लहर और झटका वेदना का अनुभव कराते हैं।” — __________________
5. “सोने पर सुहागा” — __________________

## Answer

(क) रिक्त स्थान भरिए

1. माँ
2. सहयोगी
3. चार
4. कष्ट
5. कोमल
6. वेदना

(ख) सत्य / असत्य

1. सत्य
2. सत्य
3. असत्य
4. असत्य
5. सत्य
6. असत्य

(ग) मिलान

1 – iii 2 – iv 3 – I 4 – ii 5 – v

(घ) MCQs

1. (घ) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान
2. (ख) भाई और बहन
3. (ग) वर्षा के कारण
4. (ग) पाँचवाँ
5. (ग) भवानी को
6. (ख) माँ अनपढ़ थीं
7. (क) बादल
8. (ग) वियोग की पीड़ा पर
9. (क) ब्रिटिश सरकार
10. (क) कवि के हृदय का

(ङ) प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में (25-30 शब्द)

1. आकाश में घने काले बादल छाए हुए थे और लगातार झमाझम बारिश हो रही थी। चारों ओर अँधेरा होने के कारण सुबह होने का आभास ही नहीं हुआ।
2. कवि को बरसात में खुले सिर और नंगे बदन मगन होकर घूमना तथा बड़े बाड़े में जाकर लौकी के बीज लगाना बहुत पसंद था।
3. भाई और बहन कवि के जेल जाने से भीतर ही भीतर बहुत दुखी और छटपटा रहे होंगे, उनकी आँखें नम हो गई होंगी लेकिन वे गर्व भी महसूस कर रहे होंगे।
4. बहन अपने पिता के घर खुशियाँ मनाने आई थी, लेकिन अपने प्यारे भाई भवानी को वहाँ न पाकर उसे बहुत दुख हुआ। उसे वह घर 'परिताप का घर' लगा।
5. कवि का घर खुशियों से भरा था, लेकिन उनके जेल में होने के कारण पूरा परिवार गहरे दुख और शोक में डूब गया था, इसलिए वह कष्ट का घर बन गया था।
6. व्यायाम और पाठ करके जब पिता नीचे आए और उन्होंने अपने चारों बेटों के बीच लाडले पाँचवें बेटे भवानी को नहीं देखा, तो उनका धीरज टूट गया और वे रो पड़े।
7. भवानी अपने पिता की आज्ञा का पालन करता था और देश सेवा के मार्ग पर चलकर जेल गया था। उसके इस श्रेष्ठ कार्य के कारण पिता उसे बाकी बेटों से उत्तम मानते थे।
8. वे रोज़ सुबह गीता का पाठ करते थे, दो सौ साठ दंड (बैठक) लगाते थे और मुगदर हिलाकर व्यायाम करते थे।

9. माँ अंदर से बहुत दुखी थी, लेकिन पति (पिताजी) को ढाँढस बंधाने और परिवार को संभालने के लिए उसने अपने आँसू छुपाए रखे ताकि बाकी बच्चे कमजोर न पड़ें।
10. यह आंदोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत को ब्रिटिश हुकूमत (अंग्रेजों) की गुलामी से पूरी तरह आज़ाद कराने और पूर्ण स्वराज की प्राप्ति के लिए हुआ था।

(च) प्रश्नों के उत्तर विस्तार से (80-100 शब्द)

1. 'घर की याद' कविता हमें सिखाती है कि एक मजबूत पारिवारिक भावना व्यक्ति को बड़े से बड़े संकट में भी संबल (सहारा) देती है। जब कवि जेल में अकेले और उदास थे, तब उनके परिवार का प्रेम ही उनकी मानसिक शक्ति बना। संयुक्त परिवार में सुख और दुख मिलकर बांटे जाते हैं। संकट के समय माँ जैसी ममतामयी मूर्ति और पिता जैसे साहसी मार्गदर्शक होने से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बना रहता है। परिवार के सदस्य एक-दूसरे के लिए ताकत (भुजा) और स्नेह की धारा होते हैं, जिससे जीवन में कभी अकेलापन या निराशा हावी नहीं होती।
2. कवि भवानी प्रसाद मिश्र का परिवार एक आदर्श भारतीय संयुक्त परिवार है। उनके घर में माता-पिता के साथ चार भाई और चार बहनें हैं, जिनमें अगाध प्रेम है। भाई एक-दूसरे की ढाल या भुजा हैं और बहनें स्नेह का भंडार हैं। भले ही आज के युग में एकल परिवार बढ़ रहे हैं, लेकिन कवि का परिवार दिखाता है कि एकजुट रहने से बड़ी से बड़ी विपत्ति का सामना हँसते-हँसते किया जा सकता है। पिता का अनुशासन और माँ का त्याग ही उस परिवार की नींव है, जहाँ बच्चे देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने से भी पीछे नहीं हटते।
3. कविता में कवि की माँ ने घर से बाहर कदम नहीं रखा और वे अनपढ़ भी थीं, लेकिन उनका धीरज और प्रेरणा सबसे बड़ी देशभक्ति है। जब उनका बेटा देश सेवा के लिए जेल गया, तो उन्होंने विलाप करने के बजाय अपने पति को संभाला और कहा कि "पाँव जो पीछे हटाता, कोख को मेरी लजाता।" एक नारी घर में रहकर अपने बच्चों को उच्च संस्कार देकर, उन्हें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य सिखाकर और संकट के समय पूरे परिवार को मानसिक रूप से मजबूत रखकर देश की सबसे बड़ी सेवा करती है।
4. कवि के पिता एक स्वाभिमानी, साहसी और देश-प्रेमी व्यक्ति थे। भले ही वे स्वयं जेल नहीं गए, लेकिन उनके संस्कार ही थे जिन्होंने भवानी को स्वतंत्रता संग्राम में कूदने की प्रेरणा दी। वे जानते थे कि गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए त्याग और बलिदान आवश्यक है। जब भवानी जेल गया, तो पिता को उसकी अनुपस्थिति का दुख तो था, लेकिन इस बात का गर्व भी था कि उनके बेटे ने कायरता नहीं दिखाई। एक देशभक्त पिता के लिए अपने पुत्र को राष्ट्रहित में समर्पित करना सबसे बड़ा बलिदान है।
5. स्वतंत्रता संग्राम के लिए जेल जाना एक अत्यंत गौरवशाली, त्यागमय और वंदनीय कार्य है। यह कोई साधारण अपराध की जेल यात्रा नहीं थी, बल्कि देश की स्वतंत्रता के यज्ञ में दी गई आहुति थी। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने व्यक्तिगत सुखों, परिवारों और यहाँ तक कि अपने प्राणों का बलिदान देकर जेल की कालकोठरियों में असहनीय यातनाएँ सहीं, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ आज़ाद हवा में सांस ले सकें। यह सर्वोच्च देशभक्ति और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

6. यदि मेरे जीवन में अन्याय का विरोध करने का समय आएगा, तो मैं पूरी निडरता और सत्य के मार्ग पर चलते हुए उसका विरोध करूँगा/करूँगी। मैं गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करते हुए, शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज़ उठाऊँगा/उठाऊँगी। इसके अलावा, मैं समाज और युवाओं को जागरूक करूँगा, सही का साथ दूँगा और कानून के दायरे में रहकर अन्याय के खिलाफ खड़ा होने का प्रयास करूँगा। डरकर कदम पीछे हटाना मेरी कोख और मेरे संस्कारों का अपमान होगा।

(छ) विलोम शब्द

1. सबेरा – अँधेरा
2. बहादुर – कायर
3. पुण्य – पाप
4. मौन – वाचाल
5. नम – सूखा
6. अस्त – उदय

(ज) शब्दार्थ

1. घनेरा – घना
2. अभागा – दुर्भाग्यशाली
3. क्लेश – दुख
4. लुनाई – चमक/सुंदरता
5. विरस – बिना रस का
6. उमग – उत्साह

(झ) शब्द वर्गीकरण

1. तत्सम: वज्र
2. तद्भव: रात, नैन, पाँव
3. विदेशी: बहादुर, शेर, चिट्ठी

(ञ) समास

1. गीता-पाठ = गीता का पाठ (षष्ठी तत्पुरुष)
2. स्नेह-धारा = स्नेह की धारा (षष्ठी तत्पुरुष)

(ट) सही विकल्प

1. हृदय
2. तेज हवा
3. आँखों के सामने आना
4. प्यास

(ठ) मुहावरों के अर्थ लिखिए तथा वाक्य बनाइए

1. सोने पर सुहागा होना: किसी अच्छी वस्तु या व्यक्ति में और अधिक गुण या विशेषता होना।
   वाक्य: भवानी पढ़ने-लिखने में तो होशियार था ही, देश सेवा के लिए जेल जाकर वह अपने पिता के लिए सोने पर सुहागा बन गया।
2. पाँव पीछे हटाना: डरकर भाग जाना या अपने कर्तव्य से विमुख होना।
   वाक्य: भारतीय सैनिक युद्ध के मैदान में कभी अपने पाँव पीछे नहीं हटाते।
3. धीर खोना: धैर्य या हिम्मत हारना।
   वाक्य: कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी साहसी व्यक्ति अपना धीर नहीं खोते।

(ड) अलंकार

1. उपमा
2. रूपक
3. अनुप्रास
4. मानवीकरण
5. मुहावरा / लोकोक्ति

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com